an>

Title: Need to expedite four-laning of Jammu-Akhnoor-Poonch National Highway.

**श्री जुगल किशोर (जम्मू):** मैं सरकार का ध्यान अपनी लोक सभा क्षेत्र जम्मू में राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर ले जाना चाहता हूँ, जो जम्मू से पुँछ तक है । इस राजमार्ग का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है यह राजमार्ग जम्मू-कश्मीर का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है, क्योंकि यह राजमार्ग भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ लगते हैं और तीन जिलों से होकर गुजरता है और पुँछ तक पहुँचता है । सीमा सुरक्षा बल एवं सेना भी इस पर पूर्णतया निर्भर है, क्योंकि उनकी सभी गतिविधियाँ और आवागमन इसी राजमार्ग से होता है, जिसे फोर लेन करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित पैकेज में 5100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान रखा गया है ।

जम्मू-अखनूर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का काम एन.एच.आई.डी.सी.एल. द्वारा इस सड़क को बनाने के लिए टेंडर दे दिया गया है परन्तु इस राष्ट्रीय राजमार्ग का काम काफी धीमी गति से चल रहा है ।

यह राष्ट्रीय राजमार्ग अखनूर, सुंदरबनी, नौशेरा, राजौरी और पुँछ क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए भी बहुत आवश्यक है यहाँ पर यातायात अधिक होने के कारण आकस्मिक दुर्घटनाएं होती रहती हैं ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग (चार लेन) के कार्य को जल्द पूरा करने की कृपा करें, यह जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ।